an>

Title: Need to regulate the functioning of private coaching institutes in the country.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : शिक्षा हम सभी के जीवन का अहम हिस्सा है। हर कोई अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाना चाहता है जिससे बच्चों का जीवन उज्ज्वल हो सके। परंतु आज के युग में किसान एवं जिनकी मासिक आय न के बराबर है, वह अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दिला पा रहा है।

आज प्रतिस्पर्धा का दौर है। देश में हर जगह प्राइवेट कोचिंग सेन्टर चलाये जा रहे हैं तथा बच्चों से मनमाफिक फीस वसूली जा रही है। जिनके पास पैसा है, वे अपने बच्चों को कोचिंग करा रहे हैं और जो किसान और निम्न आय वाले परिवार हैं, वे अपने बच्चों को कोचिंग नहीं करा पाते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन सभी कोचिंग सेंटरों की समीक्षा की जानी चाहिए और फीस के लिए आवश्यक गाइड लाइन जारी की जानी चाहिए जिससे सभी को उचित कोचिंग मिल सके तथा मनमानी करने वाले सेन्टरों को तुरंत बंद किया जा सके।